हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–225 : जौनपुर, मंगलवार 14 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अयोध्या में 12 मुख्यमंत्रियों की अगवानी करेंगे योगी : राम नगरी पहुंचे मुख्य सचिव आरके तिवारी

अयोध्या ब्यूरो : भगवान शिव की नगरी काशी में कॉरीडोर उद्घाटन के कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा शासित राज्यों के सीएम राम की नगरी अयोध्या भी आ रहे हैं। अयोध्या में मुख्यमंत्रियों के स्वागत की तैयारी शुरू हो गई है, इनकी अगवानी स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव आर के तिवारी अयोध्या पहुंच चुके हैं। अयोध्या में उन्होंने हनुमानगढ़ी के दर्शन–पूजन किए। बताया जा रहा है कि मंगलवार को काशी में पीएम नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्रियों के साथ संवाद करेंगे। इसके अगले दिन ये सभी मुख्यमंत्री अयोध्या पहुंचकर दर्शन–पूजन करेंगे। एक साथ आ रहे 12 मुख्यमंत्रियों को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। पीएम मोदी ने सोमवार को काशी में काशी विश्वनाथ कॉरीडोर का लोकार्पण किया। उस अवसर पर मौजूद भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्रियों का अगला पड़ाव अब अयोध्या है। काशी–अयोध्या यात्रा के जरिए सरकार धर्म के प्रति निष्ठा व आस्था दर्शाने के साथ–साथ विकास की प्रतिबद्धता भी दिखा रही है। इसी के चलते अयोध्या आ रहे करीब 12 राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्रियों के अयोध्या में भव्य स्वागत की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अगवानी के लिए अयोध्या में मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि ये सभी सीएम काशी में शिव की आराधना के बाद 15 दिसंबर को रामलला की शरण में अपने परिवार के साथ पहुंचेंगे। उपमुख्यमंत्रियों के भी अपने परिवार के साथ अयोध्या आने की संभावना है। यहां पंचशील होटल में सभी के लिए लंच का इंतजाम भी है। प्रशासन के



पास अभी कोई अधिकृत कार्यक्रम नहीं पहुंचा है। सरयू आरती भी कर सकते हैं मुख्यमंत्रीगण। सूत्र बताते हैं कि यदि मुख्यमंत्रीगण मंगलवार दोपहर बाद खाली हो जाते हैं तो आम पर्यटकों की तरह बस के जरिए भी अयोध्या आ सकते हैं। उनके रुकने के लिए पंचशील होटल में व्यवस्था की जा रही है। वहां से सुबह वे दर्शन–पूजन के बाद अपने–अपने गंतव्य के लिए रवाना होंगे। अधिकारी बताते हैं कि सुरक्षा कारणों से सड़क मार्ग के जरिए यात्रा करना बेहतर नहीं रहेगा। ऐसे में ज्यादा संभावना है कि सभी मुख्यमंत्री 15 दिसंबर की दोपहर तक ही अयोध्या पहुंचेंगे। ये सभी सीएम व डिप्टी सीएम रामलला के प्रति आस्था अर्पित करने के साथ–साथ, हनुमानगढ़ी भी जाएंगे। साथ ही सरयू आरती का भी कार्यक्रम बन सकता है।

## मुख्तार अंसारी के करीबी ठेकेदार को मारी थी चार गोलियां तीन पत्नियों पर फंसा पेंच : सीसीटीवी में दिखे हमलावर

लखनऊ ब्यूरो : कृष्णानगर में रविवार शाम बाहुबली मुख्तार अंसारी के करीबी ठेकेदार महेंद्र प्रताप को बाइक सवार बदमाशों ने नजदीक से चार गोलियां मारी थीं। पुलिस ने इस हत्याकांड में साथी ठेकेदार समेत 13 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने अब तक 50–60 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं जिनमें बदमाशों को बाइक से जाते हुए देखा गया है। महेंद्र की हत्या में उसके बेटे विक्की ने दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महेंद्र प्रताप को बदमाशों ने चार गोलियां मारी थीं। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव सुपुर्द कर दिया गया है। परिवारीजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए गाजीपुर के लिए रवाना हो गए। पुलिस के मुताबिक, दो गोलियां बदमाशों से सिर पर मारीं जिसमें एक आर–पार हुई। दूसरी पोस्टमार्टम में बरामद हो गई। तीसरी गोली पेट में मारी गई जो आरपार हुई। वहीं, चौथी पेट के नीचे मारी गई जो जांघ के पास मिली। वहीं एक गोली सिर को छूती हुई निकल गई। पुलिस गाजीपुर में चल रही रंजिश, रुपयों के विवाद, अवैध संबंधों समेत कई बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पांच से छह राउंड फायरिंग हुई है। एसीपी कृष्णानगर पंकज श्रीवास्तव के मुताबिक, महेंद्र प्रताप की हत्या के मामले में करीब 50–60 सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। कई टीमों को लगाया गया है। अभी तक जितने फुटेज मिले हैं, किसी में भी हमलावरों की बाइक का नंबर नहीं नजर आया है। बदमाशों की तस्वीरें मिली हैं। उसके आधार पर उनके आने व जाने का रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है। कभी हुआ करता था मुख्तार अंसारी का चालक। पुलिस के मुताबिक, महेंद्र प्रताप कभी मऊ के बाहुबली विधायक व बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी का करीबी चालक हुआ करता था। मूलरूप से गाजीपुर जिले के नक्खास का रहने वाला महेंद्र काफी शातिर बदमाश रहा है। सूत्र बताते हैं कि मुख्तार जब भी खुली जिप्सी से निकलता था तो जिप्सी वही चलाता था। मुख्तार के जेल जाने के बाद वह सांसद अफजल अंसारी के साथ रहा। इसके बाद वह लखनऊ आ गया। यहां भी अंसारी बंधुओं से ताल्लुकात रहे। इसी बीच वह ठेके पर मकान बनवाने व गिराने का काम करने लगा। पुलिस के मुताबिक, महेंद्र का पुराने लखनऊ के रहने वाले एक ठेकेदार से विवाद भी सामने आया है जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पहले दोनों साथ में ही काम करते थे। पुलिस पूर्वांचल के माफिया गिरोहों से रंजिश के बारे में भी पड़ताल कर रही है।

## विधान भवन के सामने ठेकेदार व उसके साथी ने किया आत्मदाह का प्रयास : पुलिस ने बचाया : अस्पताल में भर्ती

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में विधान भवन के सामने मंगलवार दोपहर खनन ठेकेदार शिव मिलन सिंह ने अपने साथी हरिराम के संग आत्मदाह का प्रयास किया। दोनों ने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज की नजर पड़ गई। दौड़कर हाथ से माचिस व पेट्रोल का डिब्बा छीन लिया। पुलिस ने दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। ठेकेदार व उसके साथी मोहनलालगंज पुलिस पर रुपये मांगने का आरोप लगा रहे है। मोहनलालगंज पुलिस ने चार दिसंबर की देर रात अवैध खनन के आरोप में ठेकेदार के तीन डंपर व एक पोकलैंड मशीन सीज कर दी थी। पुलिस के मुताबिक इसकी रिपोर्ट खनन विभाग को भेजी गई है लेकिन वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डंपर व पोकलैंड मशीन थाने में ही पड़ी है। प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज पर वसूली का आरोप लगते ही पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर अखिलेश कुमार मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज श्याम बाबू शुक्ला के मुताबिक मूलरूप से प्रयागराज गणेशीपुर हड़िया निवासी शिवमिलन सिंह खनन के ठेकेदार है। उनके साथ जोधपुर राजस्थान का हरिराम भी काम करता है। मंगलवार दोपहर दोनों विधान भवन के सामने पहुंचे। वहां दोनों खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। इसी बीच वहां मौजूद इंस्पेक्टर हजरतगंज की नजर इस पर पड़ी। उन्होंने तत्काल दौड़कर माचिस की डिब्बी छीन ली। वहीं पास से पेट्रोल लाने वाला डिब्बा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस दोनों को सिविल अस्पताल लेकर गई। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मोहनलालगंज पुलिस पर लगाया रुपये मांगने का आरोप। पुलिस ने सिविल अस्पताल में दोनों से पूछताछ की। इस दौरान दोनों ने मोहनलालगंज पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मोहनलालगंज पुलिस लगातार उनसे रुपये की मांग कर रही थी। पूरा न होने पर मनमानी कार्रवाई करते हुए उनके डंपर व पोकलैंड मशीन को पुलिस ने सीज कर दिया है। इसकी शिकायत एडीसीपी दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव, डीसीपी गोपाल कृष्ण चौधरी से भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस की मनमानी से परेशान होकर आत्मदाह करने के लिए मजबूर हुए हैं।

## मनीष गुप्ता हत्याकांड में अब होटल मालिक से सीबीआई ने की दो घंटे पूछताछ

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कानपुर के प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता की हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी सीबीआई ने सोमवार को होटल कृष्णा पैलेस के मालिक सुभाष शुक्ला से करीब दो घण्टे तक एनेक्सी भवन में पूछताछ की। वहीं सीबीआई ने मनीष गुप्ता के शव का पोस्टमार्टम करने वाले दोनों डॉक्टरों से भी करीब तीन घंटे तक पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। माना जा रहा है कि सीबीआई अपनी जांच के अंतिम पड़ाव में चल रही है। उधर, आरोपित सभी छह पुलिस वालों की बुधवार को पेशी है इसलिए उन्हें अपने साथ ले जाने की सीबीआई कोई अर्जी भी दे सकती है। रविवार को तीसरी बार गोरखपुर पहुंची सीबीआई ने सोमवार से फिर सक्रियता शुरू की और दोपहर में करीब 2 बजे होटल कृष्णा पैलेस के मालिक सुभाष शुक्ला को तलब किया। सुभाष से करीब दो घण्टे तक सवाल–जवाब हुए। सीबीआई ने उनसे जानना चाहा कि उन्हें मनीष के साथ हुई घटना की जानकारी उन्हें कैसे और कब हुई। वह होटल कितने बचे पहुंचे और वहां उन्होंने क्या देखा और खुद क्या किया। करीब 3.55 बजे तक पूछताछ बाद वह एनेक्सी भवन से बाहर निकले। उसके बाद सीबीआई ने पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर गुलशन और डा. एखलाख को बुलाकर उनसे सवाल–जवाब किया। दोनों डॉक्टरों से करीब तीन घंटे तक पूछताछ के साथ ही सीबीआई ने उनका बयान दर्ज किया। पीएम रिपोर्ट से जुड़ी जानकारी ली। उधर, होटल मालिक सुभाष शुक्ला ने एनेक्सी भवन से बाहर निकलने के बाद मीडिया से कहा कि उनके होटल में घटना हुई है तो सीबीआई उनसे पूछताछ करेगी ही। सीबीआई ने बुलाया था उन्होंने जो पूछा उसका जवाब उन्हें दिया गया है। जबकि डॉक्टरों



ने किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं सीबीआई की तरफ से यह संकेत है कि अब जांच अपने अपने अंतिम रूप में पहुंच गई है। यहां बता दें कि तारामण्डल इलाके के होटल कृष्णा पैलेस के कमरा नम्बर 512 में ही अपने दो दोस्तों के साथ ठहरे मनीष गुप्ता की पुलिस की मौजूदगी में मौत हो गई थी। चेकिंग करने होटल गई पुलिसवालों की पिटाई से मनीष की मौत का आरोप है। मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी की तहरीर पर रामगढ़ताल थाना के इंस्पेक्टर जेएन सिंह समेत छह पुलिस वालों पर हत्या का केस दर्ज किया गया ओर इस मामले में जांच दो नवम्बर से सीबीआई कर रही है। सीबीआई की दो सदस्य गोरखपुर आए हुए हैं। उधर, जेल में बंद पुलिस वालों की 15 दिसम्बर को अदालत में पेशी है। इससे पहले होटल मालिक से सीबीआई की यह पूछताछ अहम मानी जा रही है। घटना के तुरंत बांद पहुंचे थे होटल मालिक। होटल मालिक सुभाष शुक्ला घटना के करीब 20 मिनट के अंदर ही घटनावाली रात होटल पहुंच गए थे। उन्होंने सीसी फुटेज चेक किया था। फुटेज की कापी कराई थी। यही नहीं, मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी ने होटल मालिक और कर्मचारियों पर भी मिली भगत का आरोप लगाया था। होटल के कमरे की सफाई कराई गई थी यह भी सामने आया था और सफाई होटल कर्मियों ने की थी। होटल कर्मचारियों का कहना था कि पुलिस ने ऐसा कराया था। आरोप यह भी है कि होटलवालों ने ही पुलिसवालों को बुलाया था। तमाम आरोपों के बीच सीबीआई होटल मालिक और कर्मचारी की भूमिका अपनी जांच में तय करेगी।

## लाईब्रेरी में तैयारी करने वाले छात्रों को दिया जायेगा ऑनलाइन दिशा निर्देश : रवि प्रेमनाथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत तहसील अंतर्गत महाराष्ट्र के प्रसिद्ध उद्योग पति व समाज सेवी रवि उपाध्याय द्वारा अपनी माता स्व0 आशा प्रेमनाथ उपाध्याय की स्मृति में बनाये जाने वाले कुसरना भव्य प्रवेश द्वारा का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री वर्मा ने समाज सेवी रवि प्रेम नाथ उपाध्याय द्वारा गांव में अपने निजी पैसे से गांव में अपनी माता की स्मृति में प्रवेश द्वार बनवाये जाने की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि शासन प्रशासन के संसाधन की कमी रहती है ।ऐसे में कोई समाज सेवी गांव के विकास व उसको सजाने संवारने में अपना योगदान दे रहा है तो निश्चित ही वह बहुत ही काबिले तारीफ है। उन्होंने गांव व समाज के दबे कुचले व गरीब लोगो की मदद में आगे आने आह्वान करते हुए कहा कि समाज व गरीब के हित में किया गया कार्य बेकार नहीं जाता । जो गरीबो व समाज की मदद करते हैं, ईश्वर खुद उनकी मदद करता है। इस अवसर रवि प्रेम नाथ उपाध्याय द्वारा उपलब्ध कराये गये कंबलो को जिलाधिकारी द्वारा विवरण करने के साथ वृक्षारोपण भी किया गया। तथा मेधावी छात्र छात्राओ को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक रवि प्रेम नाथ उपाध्याय ने जिलाधिकारी को अपने गांव में अपने निजी



पैसे से शीघ्र एक लाइब्रेरी खोलने की योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इस लाइब्रेरी में यू पी एस सी व पी सी एस सहित अन्य उच्च परीक्षाओ की तैयारी करने हेतु बच्चो को 24 घंटे व सातो दिन निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी । यही नहीं प्रत्येक सप्ताह कोई न कोई सीनियर आई ए एस अधिकारी खुद लाइब्रेरी में बैठकर तैयारी करने वाले बच्चो को आन लाइन दिशा निर्देश देने का कार्य करने की ब्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर सी डीओ अनुपम शुक्ल, एस डी एम सदर हिमान्शु नागपाल, उपिजलाधिकारी केराकत राजेश कुमार चौरसिया, बी डीओ छोटेलाल तिवारी , मनोज प्रेम नाथ उपाध्याय, प्रेमनाथ उपाध्याय, ,कामता प्रसाद उपाध्याय प्रधान जयसिंह यादव,ग्राम विकास अधिकारी साजिद अंसारी, आसिफ अंसारी व अन्य अधिकारी ध्कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्लेसमेंट सेल में 164 विद्यार्थियों ने दी लिखित परीक्षा : कैंपस में देर रात तक उत्तीर्ण विद्यार्थियों का चलता रहा इंटरव्यू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के परिसर में केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से प्लेसमेंट के लिए आई कंपनियों ने मंगलवार को कुल 164 विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा कराई। इसमें 62 एमबीए, 58 मेडिकल और 44 केमिस्ट्री के विद्यार्थी थे। ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉक्टर संदीप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य की प्रेरणा से विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग और प्लेसमेंट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्लेसमेंट के लिए आई कंपनियों ने 164 लोगों की लिखित परीक्षा कराई। इसमें 50 फीसदी से अधिक बच्चे उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण विद्यार्थियों का इंटरव्यू विश्वविद्यालय परिसर में देर रात तक चला। बुधवार को भी इंटरव्यू होगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे से टेक्नोवेस और वुडकोटिंग कंपनी के अधिकारी आए हैं। कंपनी के एचआर मैनेजर अपूर्वा गुट्टे और टेक्निकल मैनेजर गौरव आहूजा और पंकज सिंह साक्षात्कार ले रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. हेमंत सिंह, नीतीश कुमार जायसवाल, कृष्णा यादव, डॉ. दीप प्रकाश सिंह, अंकुश गौरव, मो. रेहान, डॉ श्याम जी त्रिपाठी, नितीन यादव इत्यादि उपस्थित थे।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## डीजे व ध्वनि प्रदूषण पर मा0 न्यायालय के आदेश का किया जाए पालन– एडीजी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शादी विवाह एवं अन्य समारोहों के आयोजन में सार्वजनिक स्थानों , मैरिज हॉल / गार्डन आदि स्थानों पर निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक तेज आवाज में एवं देर रात तक डी जे से संगीत बजाये जाने से मरीजों , छात्रों एवं आम जनमानस को होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक , गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने जोन के समस्त पुलिस अधीक्षकों को यह सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया है कि इस सम्बन्ध में मा न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णयों एवं उ प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन कराया जाए । विशेष रुप से इन आयोजनों में रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किसी भी दशा में न किया जाए । साथ ही तेज आवाज में देर रात तक बजने वाले डी जे / वाद्ययंत्रों से होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत आम जनमानस को भी इस सम्बन्ध में यू पी पुलिस हेल्पलाइन नंबर –112 पर सूचना देने के लिए भी जागरूक करने हेतु प्रचार – प्रसार कराना सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया गया है । जोन के सभी परिक्षेत्रों के पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक को इस निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

## जनपद में निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराये जाने हेतु योजना संचालित

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराये जाने हेतु योजना संचालित है। निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजना हेतु नियम एवं शर्ते है जिसमें ऐसे दिव्यांगजन जो मस्क्यूलर, डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पालिसी, हीमोफिलिया आदि से ग्रसित हों या व्यक्ति उपयुर्क्त की भॉति शारीरिक स्थिति में हो, उसकी दृष्टि अच्छी हो, मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के उपर का हिस्सा (भाग) स्वस्थ हों, सम्बन्धित दिव्यांगजन मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल पर बैठकर अपने हाथों से उपकरण का संचालन करने में सक्षम हों व जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा उसकी दिव्यांगता न्यूनतम 80 प्रतिशत तक या उससे अधिक प्रमाणित की गयी हो। जिनकी आयु 16 वर्ष या 16 वर्ष से अधिक हो एवं जनपद के स्थायी निवासी हों। दिव्यांगजन या उसके परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू. 180000 से अधिक नहीं है, आय हेतु तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण–पत्र मान्य होगा। ऐसे दिव्यांगजन जो हाईस्कूल या उच्चतर कक्षाओं में अध्ययनरत है, को वरीयता दी जायेगी, जिसके सम्बन्ध में संस्थान के संस्थाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। दिव्यांगजन को "प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर" लाभान्वित किया जायेगा। पात्र दिव्यांगजन को यू0डी0आई0डी0 कार्ड उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जनपद स्तर पर गठित तकनीकी समिति द्वारा शारीरिक स्थिति की सक्षमता का भौतिक परीक्षण होने के उपरान्त पात्र पाये जाने पर अनुमोदन समिति द्वारा अनुमोदनोपरान्त कार्यवाही की जायेगी। उपर्युक्त श्रेणी में आने वाले ऐसे दिव्यांगजन यदि मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त करना चाहते है तो दिव्यांग प्रमाणपत्र, आय प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, यू0डी0आई0डी0 कार्ड, आधारकार्ड/अन्य प्रमाण–पत्र, दिव्यांगता दर्शाता हुआ एक पासपोर्ट साइज का नवीनतम् फोटो एवं मो0नं0 के साथ विभागीय बेबसाइट www.hwd.uphq.in पर ऑनलाईन आवेदन कर लाभ उठायें।

## थाना केराकत पुलिस ने नशीले पाउडर के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक केराकत के नेतृत्व में मरी माता मंदिर केराकत कस्बे के पास से सुलायम यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी बहुरा थाना खानपुर जनपद गाजीपुर को 90 ग्राम नशीला पाउडर डायजापाम के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0–401/21 धारा–8/22 एनडीपीएस एक्ट बनाम सहबान अहमद उपरोक्त के पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1– सुलायम यादव पुत्र रामधनीयादव नि0 बहुरा थाना खानपुर जनपद गाजीपुर। गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम– 1– प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत थाना केराकत जौनपुर। 2– उ0नि0 हैदर अली थाना केराकत जौनपुर। 3– का0 मनोज यादव यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर। 4– का0 आशीष राव थाना केराकत जनपद जौनपुर।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कोविड–19 : अमीर देशों के दोहरेपन की कीमत

पिछले एक सप्ताह में ब्रिटेन में कोविड–19 के दैनिक औसतन 50,000 से ज्यादा नए मामले दर्ज किए गए। जनवरी के बाद संक्रमण के दैनिक मामलों में यह सबसे बड़ी उछाल है। एक विशेषज्ञ समिति ने अनुमान लगाया है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, इसलिए उसने सख्त प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। अमेरिका में न्यूयॉर्क के गवर्नर ने राज्यव्यापी मास्क लगाने का आदेश लागू किया। न्यूयॉर्क और लंदन में बैंकों ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा है।

जर्मनी में निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल और उनके उत्तराधिकारी ओलाफ स्कोल्ज ने टीका न लगवाने वाले लोगों पर सबसे आवश्यक सुविधाओं को छोड़कर बाकी सभी सुविधाओं तक पहुंच पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। ऑस्ट्रिया अनिवार्य टीकाकरण लागू करने के लिए कानून लाने वाला है। लॉकडाउन शब्द फिर से चलन में है। पिछले महीने ओमिक्रॉन वैरिएंट की खोज ने पवित्र शब्दों के प्रवाह को प्रेरित किया है। जैसी कि अपेक्षा थी, अमीर देशों के नेताओं ने टीकों की पहुंच में सुधार का मंत्र जपना शुरू कर दिया।

हालांकि शब्द ही काफी नहीं हैं। फ्रेंच उपन्यासकार बाल्जाक ने, जो समाज पर अपनी सख्त टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं, कहा था कि जो ज्यादा बातें करता है, वह धोखा देना चाहता है। भाषणबाजी और काम के बीच की खाई पाखंड को दर्शाती है। अक्तूबर, 2020 की शुरुआत में, भारत और दक्षिण अफ्रीका ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से कोविड–19 के नियंत्रण, रोकथाम और उपचार के लिए ट्रिप्स समझौते (पेटेंट, व्यापार रहस्य, कॉपीराइट और औद्योगिक डिजाइन) के कुछ प्रावधानों से अस्थायी छूट की मांग की थी।

डब्ल्यूटीओ के नियम सर्वसम्मति से निर्णय लेने का आह्वान करते हैं। लेकिन सौ से ज्यादा देशों के समर्थन वाला यह प्रस्ताव मुश्किल से ही आगे बढ़ा है। इस बीच वायरस ने 27 करोड़ से अधिक लोगों को संक्रमित किया है, जिससे 52 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक ने वैक्सीन निष्पक्षता पर कहा है, 'टीकों, निदान और चिकित्सा विज्ञान तक समान पहुंच का मुद्दा हमारे समय का नैतिक और आर्थिक मुद्दा है।' वायरस के प्रसार और जीवन व जीविका के नुकसान का टीके की पहुंच से सीधा संबंध है।

लेकिन समृद्ध देश इससे सहमत नहीं हैं। वैक्सीन छूट का सबसे सख्त विरोध यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन कर रहे हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी फार्मा कंपनियों के केंद्र हैं। यूरोपीय संसद के 388 सदस्यों, राष्ट्रीय संसदों अथवा 375 ट्रेड यूनियनों द्वारा अपील के बावजूद यूरोपीय संघ अपने रुख से नहीं डिगा है। अमेरिका ने अस्थायी छूट का तो समर्थन किया, लेकिन इस मामले में पहल करने की उत्सुकता नहीं दिखाई। अमीर देशों का रुख भारत और रूस जैसे देशों के बिल्कुल विपरीत है, जिन्होंने अपने टीकों पर छूट की पेशकश की है।

ब्रिटेन का तर्क है कि 'छूट मांगने वाले देश अंतरराष्ट्रीय आईपी प्रणाली को बाधक के रूप में देख रहे हैं, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं है।' असमानता की भयावहता को ड्यूक ग्लोबल हेल्थ इनोवेशन सेंटर के डाटा द्वारा दर्शाया गया है। ब्रिटेन के पास अपनी आबादी के 323 प्रतिशत, यूरोपीय संघ के पास आबादी के 339 प्रतिशत और अमेरिका के पास 279 प्रतिशत आबादी के टीकाकरण के लिए टीके उपलब्ध हैं। इसके विपरीत, अफ्रीकी संघ के पास अपनी आबादी के पांचवें हिस्से को कवर करने के लिए मुश्किल से पर्याप्त टीके हैं!

यूरोपीय संघ का विरोध दरअसल लाभ (रिटर्न) को लेकर है। डब्ल्यूटीओ में यूरोपीय संघ ने तर्क दिया है कि बौद्धिक संपदा अधिकार मूल्य का प्रतिनिधित्व करते हैं और 'नवाचार में निवेश पर संभावित रिटर्न के लिए कानूनी गारंटी' हैं। गौतरलब है कि फाइजर को 2021 में टीके की बिक्री से 36 अरब डॉलर से अधिक और मॉडर्ना को लगभग 18 अरब डॉलर की कमाई का अनुमान है। बहस पर्याप्त रिटर्न या नवाचार का इनाम मिलने–न मिलने पर नहीं है। मुद्दा गरीब देशों को महामारी से निपटने के साधन उपलब्ध कराने के बारे में है।

अमीर देशों के सामने इन पारितोषिक की लागत वहन करने के लिए आर्थिक सहायता, टैक्स क्रेडिट अथवा स्वीकार्य तंत्र जैसे साधनों के माध्यम से सार्वजनिक नीति तैयार करने की चुनौती है। बढ़ते संक्रमण के परिणाम और आर्थिक विनाश के प्रबंधन की लागत आंकड़ों में प्रकट होती है। यूरोप में, ब्याज दरें –0.5 प्रतिशत पर नकारात्मक हैं और मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से ऊपर है। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति 39 साल की ऊंचाई पर 6.8 फीसदी है, जबकि विकास दर नकारात्मक है।

जी–7 देशों के केंद्रीय बैंकरों को अब उच्च लागत और कम विकास परिदृश्यों की संभावना के बारे में चिंता करनी चाहिए। विकसित अर्थव्यवस्था की वास्तविकता शिक्षाप्रद सबक देती है। मांग में गिरावट से उबरने के लिए पैसा छापने की रणनीति की अपनी सीमाएं हैं। जैसे–जैसे यूएस फेडरल रिजर्व अपने आसान मुद्रा रुख से पीछे हटता है, लागतें बढ़ती हैं और बढ़ेंगी। दूसरी बात, विकसित दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद का दो–तिहाई हिस्सा सेवा क्षेत्र का है और महामारी के डर से बंद सीधे संपर्क वाली अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं है।

प्रोत्साहन पैकेज घरेलू मांग को पुनर्जीवित तो कर सकते हैं, लेकिन एक वैश्वीकृत अन्योन्याश्रित दुनिया में आपूर्ति शृंखला के मुद्दों को तब तक संबोधित नहीं कर सकते, जब तक कि संक्रमण वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया जाता। दुनिया भर में संक्रमण की निरंतरता इस वजह से है कि वैश्विक आबादी के एक बड़े हिस्से में टीकाकरण की पहुंच नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अमीर देशों ने वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने की क्षमता अवरुद्ध कर दी है।

मौजूदा स्थिति वैक्सीन पर छूट संबंधी अमीर देशों के रुख की समीक्षा की मांग करती है। यह याद रखना उपयोगी है कि आर्थिक उत्पादन के क्षरण की कीमत वैक्सीन की पहुंच सक्षम बनाने की लागत से कहीं अधिक होगी। जब तक हर कोई सुरक्षित नहीं होगा, तब तक कोई भी सुरक्षित नहीं रह सकता।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# ई–श्रम पोर्टल पर तत्काल कराये पंजीयन व विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पायें

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के कामगारों का राष्ट्रीय डेटा बेस तैयार करने के उद्देश्य से ई–श्रम www.eshram.gov.in पोर्टल का आरम्भ किया गया है। इस पोर्टल पर वे सभी व्यक्ति अपना पंजीकरण करा सकते है जो आयकरदाता नहीं है तथा EPFO/ESIC से आवर्त नहीं है। ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के उपरान्त आपदा या महामारी जैसी कठिन परिस्थितियों में केन्द्र व राज्य सरकार से मदद प्राप्त करने में आसानी होगी। ई–श्रम कार्ड पूरे भारत में मान्य है। ई–श्रम पोर्टल पर पंजीयन www.eshram.gov.in पोर्टल पर अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक के साथ अपने स्मार्ट फोन से या किसी भी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से सरलता से पंजीयन कराया जा सकता है। अब तक 2,91,921 व्यक्तियों ने इस पोर्टल पर अपना पंजीयन करा लिया है। सभी पात्र व्यक्तियों से अपील है कि इस पोर्टल पर पंजीयन के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें। अतिरिक्त जानकारी हेतु कार्यालय सहायक श्रमायुक्त रूद्रनगर, सुलतानपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

## ममता संस्था द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग लखनऊ को मच्छरदानी वेक्टर जनित रोग व जीका वायरस के रोकथाम हेतु कराया उपलब्ध

आर एल पाण्डेय लखनऊ। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में गर्भवती महिलाओं को मच्छरदानी का वितरण किया मौके पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वेक्टर जनित रोग का सबसे ज्यादा प्रभाव गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं पर पड़ता है और इन रोगों से बचाव में दवाइयां जितनी प्रभाव कारी हैं उससे ज्यादा इन रोगों से बचाव इन रोगों में दवा के रूप में काम करता है आज दिन प्रतिदिन हमारे समुदाय में संक्रामक रोग का प्रभाव बढ़ रहा है स्वास्थ्य विभाग इनसे प्रभावी रूप से लड़ने में हमेशा तत्पर रहता है लेकिन समाज कि भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इस मौके पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर ए पी सिंह उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गर्भावस्था के दौरान जांच के महत्व के बारे में बताया जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी योगेश रघुवंशी ने जीका वायरस की प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए इसे नियंत्रण करने में समुदाय की सहभागिता और नियमित मच्छरदानी उपयोग के बारे में बताएं महिलाओं द्वारा नियमित मच्छरदानी उपयोग के का आश्वासन भी दिया गया है और बताया गया कि मच्छरदानी के उपयोग से उन्हें वेक्टर जनित रोगों के



अलावा और कई प्रकार के खतरों से भी बच सकते हैं इसलिए मच्छरदानी का प्रयोग नियमित रूप से करना चाहिए इस मौके पर HCLफाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर विनीत कुमार सिंह प्रोग्राम मैनेजर अनामिका सिंह प्रोग्राम मैनेजर क्षमाशील वर्मा व कॉमनुटी मोबलाइजर निशा सिंह विमलेश मिश्रा नीलम श्रीवास्तव सुमन शुक्ला गायत्री सोनकर व प्रवेश कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# डबल इंजन की सरकार पूरी तरीके से फेल हो चुकी है:अखिलेश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दो दिवसीय जौनपुर दौरे पर मंगलवार को पहुँचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हेलीकॉप्टर से उतरते ही पत्रकरो से बात करते हुए भाजपा पर जमकर हमला करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी तरीके से फेल हो चुकी है। दोनों इंजन आपस में टकरा गए हैं और अब जनता की निगाहें समाजवादी पार्टी की ओर टिकी हुई हैं। सपा गठबंधन प्रदेश की 400 सीटों पर कब्जा करने जा रही है। यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है तो वहीं बेटियों की इज्जत, आबरू भी प्रदेश में सुरक्षित नहीं है। किसानों के आंदोलन ने इस सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया। जिस तरह से केंद्र की बीजेपी सरकार ने तीनों काले कानून वापस लिए उसने इस बात को साबित कर दिया है कि अब भाजपा के दिन खत्म होने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के भव्य उद्घाटन के मौके पर दिए गए उस बयान पर कहा कि हमने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार किया। अखिलेश यादव बोले की गांधी के हत्यारे को समर्थन करने वाली पार्टी अब हमें राष्ट्रपिता के सपने पूरा करने की बात कह रही है। बयान दे कर लोगों को भ्रमित कर रही है। सभी लोग जानते हैं कि गांधी की विचारधारा से भाजपा का कोई भी लेना देना नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह से छोटे–छोटे दलों ने गठबंधन कर सपा का साथ दिया है उसे यह बात साबित हो गई है एक बार फिर 2022 में सपा की सरकार बनने जा रही है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज से जौनपुर में समाजवादी विजय रथ चल रहा है।समाजवादी पार्टी की कोशिश है कि सभी क्षेत्रीय दलों को साथ लेकर चलें और उनके साथ मिलकर के आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में बदलाव हो। सपा पार्टी कोशिश है कि सभी को साथ लाकर के और आप सब का भी सहयोग लेकर उत्तर प्रदेश में बदलाव बदलाव किया जाय।इसके लिए समाजवादी पार्टी का विजय रथ लगातार जनता के बीच में चल रहा है। जिस तरीके से उत्तर प्रदेश में बीजेपी ने पिछले चुनाव में जो वादे किए गए थे भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र रखा



था आज वो समय पूरा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी को अपने पांच साल पहले के संकल्प पत्र को दोबारा देखना चाहिए पहले जो उनकी घोषणा थी कि किसानों की आय दोगुनी होगी इस समय जहां महंगाई बढ़ गई है लोगों की आमदनी कम हुई है बचत है नहीं तो कमाई जब नहीं बची है और अगर हम आकलन करें तो आज सभी की कमाई आधी हो गई है और महंगाई दुगनी हो गई है। जब महंगाई दुगनी होगी और कमाई आदि होगी तो खुशहाली कहां से आएगी। क्या आज के समय में किसानों को खाद मिल रहा है यूरिया मिल पा रहा है किसान किसानों की खेती और किसानों को बर्बाद करने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में हुआ है। कॅरोना के समय में अगर किसान ने खेत में काम ना किया होता तो आज देश की अर्थव्यवस्था और बेकार हो गई होती। पहले तीन कानून लाए गए बड़े पैमाने पर किसानों का अपमान किया गया 700 किसानों की जान गई और अब वही सरकार के लोग जो काले कानून को तरह तरह से कहते थे कि उस के खिलाफ बोलते थे आज वह लोग पक्ष में बोल रहे हैं। आज मजबूरी में उन्हें उत्तर प्रदेश का चुनाव देखते ही तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। आज बड़े पैमाने पर नौकरी और रोजगार नहीं है। कोई काम नहीं है जो इन्वेस्टमेंट के वादे किए गए थे क्या उत्तर प्रदेश में कोई नया रोजगार का अवसर मिला क्या जौनपुर के युवाओं को रोजगार के अवसर मिले जो बड़ी–बड़ी नौकरियां निकली तो कही पेपर लीक हो गया या कभी उसको निरस्त करना पड़ा यह सरकार की उपलब्धि है। इनके जन प्रतिनिधियों को जगह–जगह अपमानित होना पड़ रहा है।इनके जनप्रतिनिधि कहीं जनता के सामने जवाब नहीं दे पा रहे हैं। इस दौरान अखिलेश यादव के साथ अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष व अनुप्रिया पटेल की मां कृष्णा पटेल व राम अचल राजभर भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि हमारे साथ कमेरा समाज के भी लोग जुड़े हैं और अब हमें चुनाव जीतने से कोई रोक नहीं सकता है जिसका उदाहरण आप मेरे साथ देख सकते है।इससे पूर्व हेलीपैड पर जिला अध्यक्ष राज बहादुर यादव सहित तमाम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पूर्व विधायक को पूर्व मंत्रियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

## थाना बदलापुर पुलिस ने पाक्सो में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 ईश्वरचन्द्र त्रिपाठी व हमराह हे0का0 सतीश सिंह, का0 दिनेश यादव द्वारा मु0अ0सं0 32/21 धारा 363/366/376 भादवि 5/6 पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त रवि कुमार यादव पुत्र महेन्द्र यादव नि0 ग्रामीगोपालपुर पो0 तियरा थाना बदलापुर जौनपुर को इंडेन गैस एजेंसी ग्राम तियरा से मुखबीर की सूचना से पर गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1. उ0नि0 ईश्वरचन्द्र



त्रिपाठी थाना बदलापुर जौनपुर। 2.हे0का0 सतीश सिंह थाना बदलापुर जौनपुर। 3.का0 दिनेश यादव थाना बदलापुर जौनपुर। 4.का0 अरबिंद मिश्रा, थाना बदलापुर जौनपुर।

# विषम परिस्थितियों में महिलाएं डटकर मुकाबला करें: सत्येन्द्र कुमार सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नेहरू म्यु. कन्या इण्टर कालेज,शाहाबाद में पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान एवं मतदाता जागरूकता अभियान से शिक्षिकाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत प्रदेश पुलिस की आपात सेवा 112 प्रदेश के किसी भी कोने से अगर कोई महिला पुलिस की मदद लेने के लिए 1090 पर कॉल करती है तो उसकी कॉल 112 पर स्थानांतरित कर दी जाती है। किसी भी आपातकाल की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। जिस पर पुलिस तत्काल सहायता करेगी। लेकिन, विषम परिस्थितियों में घबराना नहीं हैं, बल्कि डटकर मुकाबला करना है।इसी तरह लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।अच्छे चुने गए जनप्रतिनिधि ही विकास में सहायक हैं। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस ने हर थाने में महिला सहायता डेस्क की स्थापना कर मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाया है।किसी भी संकट के समय मोबाइलफोन नंबरों पर सूचित करें।मतदाता जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए इंस्पेक्टर ने बताया कि लोकतंत्र में अब सारी गतिविधियां वोटों के गणित पर आधारित होकर संचालित होने लगी हैं।इसलिए चुनाव के समय सही व्यक्ति को वोट देकर लोकतंत्र की रक्षा करें। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार



एसोसिएशन के अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना,पूर्व प्रधानाचार्य राधेश्याम दीक्षित ने भी विचार व्यक्त करते हुए ईमानदार प्रत्याशी के पक्ष में ही वोट देने का आग्रह किया। इस जागरूकता शिविर में नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज के कक्षा 12 की नजमा, कहकशा, उजरा, अंशू,अंजू,शीतल,कक्षा 11 की मोहिनी,नीतू,रंजना,प्रियांशी,ज्ञानवती,सानिया,सदफ कक्षा 10 की दिव्या,स्वलेहदीप्ति,माफिया कक्षा 09 की अनम, रेहाना,अरीबा आदि ने पोस्टर पर स्लोगन लिखकर मतदाताओं को जागरूक किया। शिविर में प्रधानाचार्या नूरुल हुमा, सरिता रानी, शिक्षक राम कुमार वर्मा,विषय विशेषज्ञ भैरवी अग्निहोत्री नायब जहां,शशि शुक्ला, शिक्षिका मेघा दीक्षित, श्रुति गुप्ता, एवं नाजिया ने सहभागिता की।सेवा निवृत्त वरिष्ठ लिपिक सफायत उल्ला,अंसार हुसैन एवं सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार,पुलिस कर्मी करन यादव,राहुल सरोज,उपेंद्र दीक्षित,आकाश मौर्य भी शिविर में सम्मिलित रहे।

# एबीवीपी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य कर रही है –मनोज निखरा

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगरा महानगर का शुक्रवार को छात्र नेता सम्मेलन विश्वविद्यालय के पालीवाल कैंपस के जुबली हॉल में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के सिद्धांतों, विशेषताओं, परिषद के कार्यों की जानकारी दी गई। अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज निखरा ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अभाविप ने क्या किया है उन्हें बताना चाहता हूं कि अभाविप ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रवाद की अलख जगाने का कार्य किया है और लगातार कर रही है, परिषद सदैव देशहित की बात करता है परिषद ने अभी तक जो भी नारे दिए हैं उनके साथ जीना सीखा है, संगठन का हर कार्यकर्ता देश को सुरक्षित रखने के लिए सजग व तैयार है। अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री जयकरण सिंह ने कहा की अभाविप जीवन की कमियों एवं त्रासिदयों को परिमार्जित करने का सफल एवं सार्थक उपक्रम है। जब– जब राष्ट्र में नैतिक मूल्य धुंधलाने लगे तब विद्यार्थी परिषद ने एक दीप जलाया यह दीप मानव संस्कृति का आधार है और दीप का आधार है, नैतिक मूल्य ऐसी ही एक सार्थक यात्रा है विद्यार्थी परिषद । अंतिम सत्र में अभाविप के चुनाव अधिकारी डॉ बलराम कांत ने संगठन के महानगर व आगरा विश्वविद्यालय के साथ कॉलेजों की कार्यकारिणी का गठन किया। आगरा कॉलेज के शिक्षक डॉ बीके अग्रवाल को पुनः महानगर अध्यक्ष और कर्मवीर बघेल को महानगर मंत्री बनाया गया। विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष की जिम्मेदारी पुनीत कुमार को दी गई इकाई मंत्री आर्यन नौहवार को बनाया गया आगरा कॉलेज की कमान सुमित शर्मा और इकाई मंत्री कनक तोमर व आरबीएस कॉलेज की दीपू बघेल और कॉलेज मंत्री राघव उपाधयाय को सौंपी गई। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री नितिन माहेश्वरी,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुणाल दिवाकर, प्रांत कार्यालय मंत्री रमन शर्मा ,प्रांत सेवा कार्य प्रमुख सौरव, प्रांत राष्ट्रीय कला मंच संयोजक प्रशांत यादव, प्रांत से छात्रा प्रमुख आस्था शर्मा, प्रांत विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख चंद्रजीत यादव, प्रांत शोध कार्य प्रमुख मनमोहन सिंह एवं समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने मंडी शुल्क की समाप्ती के लिए मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम ब्त्व रजनीश राय जी को सौंपा ज्ञापन लेते हुए रजनीश राय ने कहा कि ज्ञापन आज ही माननीय मुख्यमंत्री जी को भेज दिया जाएगा! ज्ञापन में मुख्यमंत्री जी से यह मांग किया गया कि मंडी शुल्क तत्काल समाप्त किया जाए व्यापार मंडल लंबे अरसे से प्रदेश में मंडी शुल्क की समाप्ति के लिए आंदोलन कर रहा था इस बीच 5 जून 2020 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने संपूर्ण देश में मंडियों का लाइसेंस 9आर, 6आर,गेटपास व अन्य प्रावधानों को पूर्णता समाप्त कर दिया जिसमें आम व्यापारी को बड़ी राहत मिली एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा, जैसा की विधित है कि कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद प्रदेश में मंडी शुल्क की पुरानी व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है जिससे उद्योग जगत एवं व्यापारी समाज में बड़ा रोष व्याप्त है व्यापार मंडल की मांग है की प्रदेश में मंडी शुल्क समाप्त कर दिया जाना चाहिए मंडी के अंदर कार्य करने वाले व्यापारियों को लाइसेंस जारी करके यूजर चार्ज व अन्य किसी माध्यम से आधा प्रतिशत शुल्क लगाया जाए मंडी की दुकानों को फ्री होल्ड रजिस्ट्री करा दी जाए जिससे सरकार पर खर्च का भार भी नहीं पड़ेगा राजस्व की प्राप्ति भी होगी और प्रदेश का व्यापारी आजादी से अपना व्यापार करके प्रदेश को आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने में अग्रसर रहेगा कई राज्यों विशेषकर निकटवर्ती राज्यों में मंडी



शुल्क नहीं है कई राज्यों में उद्योगों में छूट है जब प्रदेश में मंडी शुल्क नहीं था तो अनेक उद्यमियों ने यहां पर अपना उद्योग भी स्थापित किया जो कि अब अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं मंडी शुल्क से किराना, मेवा, सुपारी, काली मिर्च, मसाले आदि के व्यापारी परेशान है और इससे महंगाई भी बढ़ेगी ज्ञापन देते समय जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर, प्रदेश युवा संगठन मंत्री संतोष अग्रहरि, जिला महामंत्री रामकुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष बनवारी लाल गुप्ता, नगर महामंत्री मनोज साहू और मुन्ना लाल अग्रहरि अनाज व्यापार संघ के महामंत्री योगेश साहू, संजय केडिया, ज्ञानेंद्र साहू, अमर जौहरी, संतोष साहू बच्चा जी, अनिल वर्मा, लोकेश साहू, रितेश गुप्ता, मंगला प्रसाद, अमित जायसवाल, महेश साहू, अजय देवा डीके अग्रहरि, आशीष साहू आदि व्यापारी गण उपस्थित रहे!

# कांग्रेस चुनाव में हमेशा भ्रम और झूठ का सहारा लेती है : धर्मपाल जी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आगामी विधानसभा चुनाव की लेकर सांगठनिक जिला भाजपा जौनपुर एवं मछलीशहर जिला के चुनाव प्रबंधन समिति की जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का सुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एव श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित की। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन झारखण्ड धर्मपाल जी ने बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को आगामी 2022 विधानसभा चुनाव के लिहाज से जनता के बीच किस तरह से काम करना है, इस पर पाठ पढ़ाया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री ने पार्टी की ओर से गठित चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को आज कुछ टास्क दिए। श्री धर्मपाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सेक्टर और बूथ स्तर पर हमारे कार्यकर्ता पूरी सक्रियता से काम कर रहे हैं। हमारे कार्यक्रम और चुनावी तैयारियां बूथ से भी निचले स्तर तक सक्रियता से काम करें, इसके लिए हम विशेष कार्ययोजना के साथ जुट जाएं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गरीब, किसान और महिला वर्ग के लिए जो काम किए और जो जनहितैषी निर्णय लिए है उन्हें नीचे तक पहुंचाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रम और झूठ का सहारा चुनाव में लेती है, इन चुनाव में भी कांग्रेस, सपा, बसपा जनता को भ्रमित करेगी। हमें जनता को सच और तथ्य से अवगत कराना हैं और विरोधियों को बेनकाब करने का काम हमें करना है। बैठक के उपरान्त जगन्नाथ मंदिर में धर्मपाल जी और पुष्पराज सिंह एव क्षेत्रीय



विस्तारक प्रमुख नागेश्वर जी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश जी के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा पाठ किये और वहा पर लगे एलईडी पर बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जलाभिषेक के कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट देखे। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, राजेन्द्र श्रीवास्तव, मनोज दुबे, मेहीलाल गौतम, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, जिला मन्त्री रविन्द्र सिंह राजु दादा, अभय राय, राज पटेल, जयेश सिंह, राजेश सोनकर, कमलेश सिंह, राजेश्वरी सिंह, मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, सिद्दार्थ राय, रोहन सिंह, रागिनी सिंह, उषा मौर्या, मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, सतीश सिंह त्यागी, नन्दलाल यादव, संजीव गुप्ता, निखिल सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# शिवलिंग पर राज्यमन्त्री गिरीश चन्द्र यादव ने किया भव्य अर्चन व जलाभिषेक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिव्यकाशी भव्यकाशी काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के भव्य लोकार्पण के अंर्तगत अपने क्षेत्र के शिवलिंग पर भव्य पूजन व दुग्ध व जलाभिषेक करने के लिए नगर मण्डल भाजपा उत्तरी के पदाधिकारी द्वारा सब्जी मण्डी स्थिति माँ दुर्गा जी के प्रांगण में स्थित शिवलिंग पर राज्यमन्त्री माननीय गिरीश चन्द्र यादव जी के साथ पूर्व नगर अध्यक्ष श्याममोहन अग्रवाल ,नगर अध्यक्ष ऊत्तरी विकाश शर्मा जी ने भव्य पूजन, अर्चन व जलाभिषेक किया । जलाभिषेक के उपरांत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी आज बाबा विश्वनाथ कारीडोर का लोकार्पण कर रहे हैं आज की पीढ़ी इस लोकार्पण साक्षी बनने जा रहे हैं आज से 350 साल पहले अहिल्याबाई होलकर द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था। पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम मोहन अग्रवाल ने कहा कि हम सब आज बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है और काशी विश्वनाथ बाबा जो सकरी गलियों में से होकर जाना पड़ता था आज खुले मैदान में करीडोर बन गया है अब दिव्यांग बुजुर्ग आदमी जो चलने में असमर्थ है वह भी अब बाबा का दर्शन आसानी से पा जाएंगे। नगर अध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि केंद्र में मोदी जी की सरकार



और प्रदेश में योगी जी की सरकार मैं जिस प्रकार सनातन संस्कृति की धरोहर को सुंदरीकरण करने का कार्य के साथ–साथ विकास का कार्य करते हुए समाज के गरीब तबके के लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने का काम किया ऐसा किसी भी सरकार में नहीं किया गया। कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता , सभासद मनीष श्रीवास्तव, राजवीर सिंह राजा , सभासद मनीष सोनकर, सभासद बसंत प्रजापति आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर उत्तरी के महामंत्री इमरान खान ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विकास पंडा अनूप यादव डॉ ब्रह्मेश शुक्ला, श्रीमती शैल साहू, मनीष सेठ ,राजकुमार बिंद , गीता बिंद पूनम विश्वकर्मा ,बच्चा साहू, प्रदीप जयसवाल, त्रिभुवन गुप्ता, शरद टंडन सभासद ,यशवंत साहू, राजवीर सिंह राजा आदि लोग प्रमुख रूप से रहे।

# चोरी की 4 मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर अभियुक्तों को थाना जलालपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक जलालपुर श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 श्री मनोज कुमार पाण्डेय मय हमराह हे0का0 अवधेश कुमार, का0 सुरज सोनकर व का0 सुनिल यादव के साथ कबूलपुर बाजार में गस्त के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक 09.12.2021 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेहरूनगर से चोरी गये मोटर साइकिल के साथ दो चोर कबूलपुर की तरफ आ रहे है, इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्ट टीम द्वारा नेहरूनगर मोड के पास से दो अभियुक्तों को चोरी की मोटर साइकिल के साथ पकडा गया, जिनसे नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम आशीष कुमार पुत्र स्व0 ओमकार नि0 नाहरपुर थाना जलालपुर व दूसरे ने अपना नाम शिवा गौतम पुत्र रामचन्दर नि0 नाथुपुर थाना जफराबाद जौनपुर जिनके कब्जे से चोरी की एक अदद मोटर साइकिल व इनकी निशानदेही पर नवाबाद जंगल से अन्य 3 चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गयी । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 304/21 धारा 379/ 411/ 413/ 414/ 467/ 468/ 471 भादवि पंजीकृत किया गया । नियमानुसार कार्यवाही की गयी । गिरफ्तार अभियुक्त– 1– आशीष कुमार पुत्र स्व0 ओमकार नि0 नाहरपुर थाना जलालपुर, जौनपुर। 2– शिवा गौतम पुत्र रामचन्दर नि0 नाथुपुर थाना जफराबाद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1– हीरो पैशन प्रो काली रंग बिना नम्बर




प्लेट (चेचिस नम्बर MBLHA10AWCGH04325) 2– मोटर साईकिल पैशन प्लस लाल रंग बिना नम्बर प्लेट की (चेचिस न0 MBLHA10EL8GJ432) 3– पैशन प्लस नीला रंग बिना नम्बर प्लेट की (चेचिस न0 MBLHA10ELA9D14495) 4– UP62 F 4742 , बजाज कैलिवर चेचिस न0 DDFBHF83580 आपराधिक इतिहास– आशीष कुमार 1–मु0अ0सं0– 303/21 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना जलालपुर, जौनपुर । 2–मु0अ0सं0– 304/ 21 धारा 379/411/413/414/467/468/471 भआदवि थाना जलालपुर, जौनपुर। आपराधिक इतिहास– शिवा गौतम 1–मु0अ0सं0– 35/21 धारा 307/399/402 भादवि थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर। 2–मु0अ0सं0– 40/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर । 3–मु0अ0सं0– 58/21 धारा 3(1)गैगेस्टर एक्ट थाना गौराबादशाहपुर, जौनपुर । 4–मु0अ0सं0– 303/21 धारा 379/411/413/414 भादवि थाना जलालपुर, जौनपुर । 5–मु0अ0सं0– 304/21 धारा 379/411/413/414/467/468/471 भआदवि थाना जलालपुर, जौनपुर । गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 श्री मनोज कुमार पाण्डेय थाना जलालपुर जौनपुर। 2. हे0का0 अवधेश कुमार थाना जलालपुर जौनपुर। 3.का0. सुरज सोनकर थाना जलालपुर जौनपुर। 4–का0 सुनिल यादव थाना– जलालपुर, जौनपुर।

# गीता जयंती महोत्सव सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी को सनातन धर्म आश्रम सनातन नगर चिनहट में गीता जयंती का आयोजन किया



गया। प्रातःकाल दो, 11 ,18 अध्याय का गीता का सस्वर पाठ किया गया। इसके उपरांत विद्वानों ने गीता के मार्मिक तत्वों का विवेचन किया। अध्यक्षता सनातन धर्म परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ स्वामी भगवदाचार्य ने की। इस अवसर पर राम किशोर मिश्र, पंडित हरिओम, आकाश गोस्वामी, पंकज शास्त्री, मोहित जोशी आदि उपस्थित रहे।

# डॉ हिमांशु सेठी के नेतृत्व में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के तहसील मुख्यालय पर भाजपा नेता डॉ हिमांशु सेठी संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ और सलाहकार स्वच्छ भारत अभियान उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में भाजपा सदस्यता अभियान का कैंप लगाकर आयोजन किया



गया इस कैंप में सैकड़ों लोगों ने आकर डॉ हिमांशु सेठी के नेतृत्व में भाजपा में सदस्यता ग्रहण की डॉ हिमांशु सेठी पिछले कई वर्षों से शाहाबाद विधानसभा की जनता की सेवा किसी न किसी माध्यम से करते आ रहे हैं डॉक्टर सेठी द्वारा पूरी विधानसभा क्षेत्र में कई बार फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने सैकड़ों लोगों की निशुल्क इलाज कराया डॉक्टर सेठी भारतीय जनता पार्टी युवा नेता के साथ साथ संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ और सलाहकार स्वच्छ भारत अभियान उत्तर प्रदेश सरकार का दायित्व है इस सदस्यता अभियान में भाजपा नगर अध्यक्ष अमर रस्तोगी सदस्यता प्रमुख सौरभ लाहौरी नगर महामंत्री सुभाष सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष प्रमोद रस्तोगी सुभाष रस्तोगी भैयालाल किसान मोर्चा अध्यक्ष हरि मिश्रा,सक्रिय कार्यकर्ता गोपाल गुप्ता पवन रस्तोगी नीरज श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा पूर्व ब्लाक प्रमुख राम नाथ त्रिपाठी आदि समस्त भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के साथ जौनपुर में दीपोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण किया। इसके उपलक्ष्य में भाजपा नेता व वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा शहर के शाही पुल के पास स्थित गोपी घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान घाट को 5100 दीपों से सजाया गया।



साथ ही गोमतेश्वर महादेव मंदिर सहित मां दुर्गा जी मंदिर को भी दीपों व झालरों से सजाया गया। यह मनोहारी दृश्य लोगों को आकर्षित कर रहा था। शिवा सिंह सहित उपस्थितजनों ने इस दौरान मंदिर में पूजन अर्चन कर मां गोमती की आरती की। इस ऐतिहासिक मौके पर भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा, यह हमारे लिये बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे इष्टदेव बाबा भोलेनाथ के भव्य मंदिर का लोकार्पण हुआ और हम लोग इसके साक्षी बने। उन्होंने कहा कि 13 दिसम्बर का दिन काशी क्षेत्र के लिये अभूतपूर्व है। बाबा अलौकिक हैं। भक्तों के लिये जो परेशानी होती थी अब नहीं होगी। भव्य धाम का निर्माण कराकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किया है। श्री सिंह के प्रतिनिधि शिवा सिंह ने बताया कि भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह के दिशा–निर्देश पर जनपद के विभिन्न शिवालयों को सजाकर विधिवत पूजन अर्चन कर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# जनसूचना से मांगा ग्राम पंचायत के विकास खर्च का ब्यौरा

आर एल पाण्डेय गोंडा। विकासखंड इटियाथोक के ग्राम पंचायत मेहनवन निवासी अब्दुल रशीद पुत्र मोहम्मद शफी ने जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी से ग्राम पंचायत के विकास मद में खर्च खर्च धनराशि का विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। 4 बिंदुओं पर मांगे गए विवरण में ग्राम पंचायत में वर्ष 2015 से 21:00 तक शौचालय व प्रधानमंत्री आवास मद में खर्च की गई कुल धनराशि और पात्रों के नाम का ब्योरा मांगा है। इसके अतिरिक्त गांव के नए पंचायत भवन के निर्माण में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष खर्च की गई धनराशि का विवरण और साथ ही मेहनवन ग्राम पंचायत में कराई गई इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, कूप मरम्मत एवं तालाब सुंदरीकरण सहित विकास मद में आवंटित धनराशि के सापेक्ष खर्च धनराशि का पूर्ण विवरण देने का अनुरोध किया है।

# कस्बा मछलीशहर में अश्लील हरकत करने वाले तीन मनचलो को थाना मछलीशहर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय तथा पुलिस चौकी कस्बा मछलीशहर प्रभारी श्री सकलदीप सिंह द्वारा हमराही कर्मचारीगण की मदद से कस्बा मछलीशहर में स्कूली छात्राओं के स्कूल आते जाते समय अश्लील हरकत करने वाले तीन अभियुक्तों 1. मोहम्मद कैफ पुत्र मुबीन रहमान निवासी मोहल्ला महतवाना थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर 2. शमशाद अंसारी पुत्र सनाउल्ला अंसारी निवासी मोहल्ला खानाजादा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर 3. सैफ उर्फ सुफियान अंसारी पुत्र स्व. नूर आलम निवासी मोहल्ला महतवाना थाना मछलीशहर जौनपुर को आज उनके घर से गिरफ्तार किया गया, जिन्हे मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है । घटना का संक्षिप्त विवरणः कस्बा मछलीशहर जौनपुर के मुहल्ला महतवाना में स्कूल जाती छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने की सूचना पर उ0नि0 श्री सकलदीप सिंह द्वारा अभियुक्तगण 1. मोहम्मद कैफ पुत्र मुबीन रहमान निवासी मोहल्ला महतवाना थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर 2. शमशाद अंसारी पुत्र सनाउल्ला अंसारी निवासी मोहल्ला खानाजादा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर 3. सैफ उर्फ सुफियान अंसारी पुत्र स्व. नूर आलम निवासी मोहल्ला महतवाना थाना मछलीशहर जौनपुर को दिनांक 12.12.2021 को गिर0 कर नियमानुसार मु0अ0सं0 291/21 धारा 294 प्च्ब् बनाम अभि0गण उपरोक्त पंजीकृत किया गया तथा जमानतीय अपराध होने के कारण



मुचलके पर रिहा किया गया । पुनः देखभाल क्षेत्र के दौरान जरिये मुखबिरखास सूचना मिली की उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा लड़कियों से छेड़खानी करने से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है तथा अभियुक्तगण कभी भी संज्ञेय घटना कारित कर सकते है । इसकी जाँच मौके पर की गयी तो घटना सत्य पायी गयी, जिसपर अभियुक्तगण मो0 कैफ, शमशाद अंसारी व सैफ उर्फ सुफियान अंसारी उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 151, 107, 116 द0प्र0सं0 में मोहल्ला महतवाना कस्बा मछलीशहर से सुबह गिरफ्तार किया गया । जिन्हे नियमानुसार मा0 न्याया0 उपजिलाधिकारी मछलीशहर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मोहम्मद कैफ पुत्र मुबीन रहमान निवासी मोहल्ला महतवाना थाना मछलीशहर जौनपुर। 2. शमशाद अंसारी पुत्र सनाउल्ला अंसारी निवासी मोहल्ला खानाजादा थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर। 3. सैफ उर्फ सुफियान अंसारी पुत्र स्व. नूर आलम निवासी मोहल्ला महतवाना थाना मछलीशहर जौनपुर। गिरफ्तारी– करने वाली पुलिस टीम– 1. अवनीश कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर, जौनपुर। 2. उ0नि0 सकलदीप सिंह, पुलिस चौकी प्रभारी कस्बा मछलीशहर, जौनपुर। 3. कां0 रितेश यादव, थाना मछलीशहर, जौनपुर। 4. कां0 विमलेश कुमार, थाना मछलीशहर जौनपुर।

# शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा हेतु बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्देश दिया कि जितनी भी परियोजना चल रही है उन्हें निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराएं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, इत्यादि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि निराश्रित पशु आश्रय स्थल में तिरपाल, बोरों की व्यवस्था कर ली जाए। पशु चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन पशु आश्रय स्थलो का निरीक्षण करें। पीएम स्वनिधि के प्रगति की समीक्षा की और कहा कि शत –प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृहद अभियान चलाकर रात में भी साफ सफाई के कार्य कराए जाएं । जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में भी अभियान चलाकर सफाई कार्य कराए जाएं। उन्होंने कहा कि दुकानदारों से डस्टबिन रखने के लिए कहा जाए और न रखने वालों को नोटिस देने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से उर्वरको की



उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि जनपद में उर्वरकों की कमी ना होने पाए । जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सीचसी वाले ग्राम सचिवालय में ही बैठे और ना बैठने वालों पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में एक जगह चिन्हित कर कपड़ा बैंक बनाया जाए , जहां पर लोग अपने पुराने कपड़े, कंबल इत्यादि दान कर सके जिसके लिए उन्होंने पीओ डूडा अनिल वर्मा को नोडल बनाया है। सभी अधिशासी अधिकारी रैन बसेरो को ऐक्टिव कर आवश्यक व्यवस्था करा ले । कोइ भी बाहर सोते न मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव ,उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों के लिए दिया ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश' के तत्वाधान में देशव्यापी ब्लाक स्तरीय आंदोलन के क्रम में मुफ्तीगंज ब्लाक के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न लंबित मांगों का मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी सजंय यादव को दिया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री सतीश पाठक ने बताया कि सरकार शिक्षक/कर्मचारियों के मांगों को लेकर गम्भीर नहीं है, हमेशा सिर्फ कोरा आश्वासन देकर शिक्षक/कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को अनसुना किया जा रहा है। यदि सरकार द्वारा जल्द हमारी मांगों को माना नहीं जाता है तो जल्द प्रदेश की राजधानी लखनऊ एंव उसके बाद देश की राजधानी दिल्ली में एक जोरदार धरना प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री रामकृपाल यादव,जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ,जिला संगठन मंत्री रामसिंह राव, मनोज सिंह शशि राय ,रमेश सिंह,अजय राय ,विपिन राय ,दुर्गेश राय, अजीत यादव ,चंदन यादव, हिमांशु मौर्य ,महेंद्र गुप्ता,इंदु प्रकाश ,सौरभ ीजींद, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ,राजेश मौर्य, अजीत सेठ,आलोक श्रीवास्तव, आशीष सिंह,प्रियंका सिंह प्रीति सिंह,विंध्यवासिनी यादव,साधना यादव, मधुरानी ,नूरजहां, अब्बु तालिब, अनिल शर्मा,अनिल सिंह,धीरेंद्र मौर्य ,नितेश पाठक, प्रमोद यादव, मोहम्मद शाहिद,प्रेमनाथ यादव, धीरेंद्र पाल,सर्वेश कुमार, बृजेश दुबे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# थाना चन्दवक पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा वारांटी वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 224/21 धारा 379/411 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त रिशू सिह उर्फ आदर्श सिंह पुत्र साधू शरण सिह निवासी 13ध्32। तेलियाबाग थाना चेतगँज जनपद वाराणसी को घर से समय करीब 10.40 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1.रिशू सिह उर्फ आदर्श सिंह पुत्र साधू शरण सिह निवासी 13ध्32। तेलियाबाग थाना चेतगँज जनपद वाराणसी । आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0 224/21 धारा 379/411 भादवि थाना चंदवक जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1–उ0नि0 श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह चौकी प्रभारी बजरंग नगर, थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 2–हे0का0 विनोद चतुर्वेदी थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर।

# विधानसभा चुनाव से पहले शिलान्यास कराने की तैयारी : रनवे बनाने के लिए भूमि सौंपने का भेजा प्रस्ताव

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी में बहु प्रतीक्षित श्रीराम एयरपोर्ट का शिलान्यास जनवरी 2022 में पीएम नरेंद्र मोदी से कराने की तैयारी चल रही है। दिसंबर 2023 में राम मंदिर निर्माण से पहले अयोध्या के श्रीराम एयरपोर्ट को शुरु करने की तैयारी है। इसके तहत एयरपोर्ट का शिलान्यास अगले साल जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी से कराने पर तेजी से काम चल रहा हैस रनवे निर्माण के लिए 330 एकड़ भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को सौंपने का प्रस्ताव भेजा गया।अयोध्या में पहले फेज के काम की शुरुआत के लिए 400 एकड़ भूमि जिला प्रशासन ने हासिल कर लिया है और इसके बारे में प्रदेश सरकार को जानकारी दे दी है। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एयरपोर्ट का शिलान्यास कराना चाह रही है।अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के अनुसार जनवरी माह में श्री राम एयरपोर्ट का शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों हो सकता है।अयोध्या में एयरपोर्ट के बनने से अयोध्या समेत पूरे पूर्वांचल का विकास होगा।इससे पहले रनवे निर्माण के लिए 330 एकड़ भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को सौंपने का प्रस्ताव शासन को चंद रोज पहले भेजा जा चुका है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से हरी झंडी के बाद एयरपोर्ट के शिलान्यास में तेजी। इस बीच एयरपोर्ट अथारिटी ने रनवे व टर्मिनल भवन निर्माण की की निगरानी के लिए सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) अभियंत्रिकी एवं सिविल के दो अधिकारी एवं जेई कार्यपालक सिविल पद पर एक अधिकारी की तैनाती कर दी है। इनमें से एजीएम आरपी मीना ज्वाइन कर चुके हैं। दूसरे एजीएम जेपी सिंह अभी नहीं पहुंचे हैं। जेई सिविल आशीष प्रजापति का भी इंतजार है।उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद एयरपोर्ट के शिलान्यास की तैयारियों में तेजी दिखने लगी हैं।रनवे व भवन का टेंडर हो चुका है। निर्माण शुरू को करने से पहले एयरपोर्ट अथारिटी नई को जमीन सौंपने का प्रस्ताव जिला प्रशासन भेज चुका हैस 446 एकड़ में से 403 एकड़ भूमि किसानों से खरीदी जा चुकी है। अयोध्या को हवाई सर्किट से जोड़ने के लिए दो चरणों में इसको विकसित करने की योजना है। इसके लिए 600 एकड़ भूमि की जरूरत मानी जा रही है। इसमें182 एकड़ भूमि एकड़ भूमि पहले से ही हवाई पट्टी के नाम दर्ज है। शेष 446 एकड़ में से 403 एकड़ भूमि किसानों से खरीदी जा चुकी है। 43 एकड़ भूमि खरीदने की वार्ता अंतिम दौर में है। 114 एकड़ भूमि सार्वजनिक है, जिसके लेने की प्रक्रिया का प्रस्ताव डीएम को अभी नहीं भेजा जा सका हैसपहले चरण में ए–321 विमानों के संचालन के लिए रनवे की लंबाई 3125 मीटर व चौड़ाई 45 मीटर होगीस दूसरे चरण में बोइंग 777 जैसे बड़े विमानों की उड़ान प्रस्तावित है।

# आगामी विधानसभा सामान्य 2022 के दृष्टिगत जनपद में नियुक्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट्स का हुआ प्रशिक्षण

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा सामान्य 2022 के दृष्टिगत जनपद में नियुक्त जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का साकेत महाविद्यालय अयोध्या के सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण में जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नितीश कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी मजिस्ट्रेट अपने से संबंधित मतदेय स्थलों पर समस्त मूलभूत सुविधाओं एवं वलनरेबिलिटी की आयोग के निर्देशानुसार भौतिक रूप से जांच करते हुए निर्धारित प्रारूप पर सूचना अगले 01 सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे और आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे, अपने क्षेत्र से संबंधित मतदेय स्थलों पर निर्वाचन तक भ्रमण करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आयोग के निर्देशानुसार अपने अपने क्षेत्रों में संयुक्त रूप से पुलिस मजिस्ट्रेट एवं मजिस्ट्रेट उत्तरदाई होंगे इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडे द्वारा यह निर्देशित किया गया कि आप सभी संयुक्त रूप से नियमित अपने क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा ईवीएम एवं विभाग से संबंधित विधिवत जानकारी दी गई इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी समस्त क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने चार वर्षों में विकास की बुलन्दियों को छुआ – लल्लू सिंह

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)।मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन धर्म नगरी अयोध्या, नगर निगम अयोध्या अपने अब तक के 4 वर्ष के सेवाकाल में नागरिकों की सुविधाओं को उपलब्ध कराने की दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है कोरोना काल में विपरीत परिस्थितियों में भी सेवा भाव से समर्पित होकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह किया है।उक्त विचार नगर निगम अयोध्या के चतुर्थ वर्षगांठ पर राम कथा पार्क अयोध्या में आयोजित समारोह में अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह व्यक्त कर रहे थे श्री सिंह ने कहा कि अयोध्या के अपेक्षित विकास में माननीय मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रुप से योगदान कर रहे हैं आने वाले वर्षों में अयोध्या एक विकसित धार्मिक नगरी होगी और सभी संसाधनों से युक्त होगी स्वच्छता के दिशा में नगर निगम अयोध्या संवेदनशील है उन्हें नागरिकों को साथ में लेकर जन भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता को एक जन आंदोलन बनाना होगा जिससे अयोध्या सुंदर और स्वच्छ बन सके चतुर्थ वर्ष गांठ का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद लल्लू सिंह नगर निगम अयोध्या के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय सभापति बृजेंद्र बहादुर सिंह भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार पांडे बादल सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया उपस्थित पार्षद गणों अन्य अतिथियों मुख्य अतिथि के प्रति स्वागत भाषण में ऋषिकेश उपाध्याय महापौर नगर निगम अयोध्या ने कहा कि अमृत योजना अंतर्गत तेजल सीवरेज एवं सेप्टेज प्रबंधन पार्कों का विकास मार्गों का सुंदरीकरण हाई मास्ट की स्थापना ऑनलाइन कर भुगतान नामांतरण की सुविधा विस्तारित क्षेत्रों में भी त्वरित गति से विकास कार्यों की गतिशीलता हम प्रतिबद्ध हैं नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं में कोई कमी ना रहे उसके लिए आने वाले 1 वर्ष के अंदर सभी क्षेत्रों में स्वच्छता जल शौचालय मार्गों का सुदृढ़ीकरण निर्माण नाली निर्माण विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा मुख्य अतिथि सहित पार्षद गणों को भारतीय जनता पार्टी के उपस्थित वरिष्ठ एवं प्रमुख नेताओं को बैच लगाकर रामनामी भेंट कर माला पहनाकर समारोह में सम्मानित किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार पांडे बादल ने ऋषिकेश उपाध्याय के महापौर के रूप में 4 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि नया नगर निगम था संसाधान कम थे वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं थी इसके बावजूद नगर निगम अयोध्या को विकास गति को गतिमान बनाने में उल्लेखनीय योगदान रहा है मुझे विश्वास है अयोध्या नगर निगम के नागरिकों ने जिस आशा और उम्मीद से उपाध्याय जी को महापौर के रूप में चुने थे आने वाले समय में जो नागरिक सुविधाएं अपेक्षित है उनको पूरा करने में समर्थ होंगे समारोह में नगर निगम के चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेषांक पत्रिका प्रकाशित हुई जिसका लोकार्पण मुख्य अतिथि सांसद एवं अन्य अतिथि गण तथा निगम निगम के अधिकारियों ने किया चतुर्थ वर्षगांठ के लोकार्पण समारोह में कमलेश श्रीवास्तव क्षेत्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी भाजपा महिला जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद अशोका द्विवेदी पूर्व सभापति बुद्धि लाल प्रजापति पार्षद गण हरीश चंद्र सिंह सहायक नगर आयुक्त महेश चंद आजाद महाप्रबंधक जलकल अनूप कुमार सिंह अधिशासी अभियंता जलकल गिरिजेश कुमार तिवारी सहायक अभियंता जलकल आर के तिवारी सहायक अभियंता निर्माण सी पी मौर्या सहायक अभियंता निर्माण रामकिशोर यादव जनसंपर्क अधिकारी नगर निगम अयोध्या श्री सुदर्शन चंद्रा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजय कर निर्धारण अधिकारी कमल कुमार मुख्य सफाई निरीक्षक अयोध्या राकेश कुमार वर्मा सफाई निरीक्षक अयोध्या सहित बड़ी तादाद में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता तथा नगर निगम अयोध्या के अधिकारी कर्मचारी तथा जन सामान्य समारोह में उपस्थित थे कार्यक्रम का कुशल संचालन सच्चिदानंद सिंह अपर नगर आयुक्त एवं सभी अतिथियों के प्रति आभार शशि भूषण राय अपर नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या ने आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात वाहन ने पीआरवी को मारी टक्कर : तीन पुलिस कर्मी घायल

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिले के मवई थाना क्षेत्र के महराजताल गांव के पास पुलिस जीप डायल 112 को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे आकर एक पेड़ से जा टकराई।पुलिस की जीप में सवार तीन पुलिसकर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।शनिवार की देर रात को पटरंगा थाना की पीआरवी 929 लखनऊ–अयोध्या नेशनल हाईवे पर गश्त कर रही थी कि मवई थाना क्षेत्र के महराजताल गाव के पास पहुंची थी कि तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने पुलिस जीप को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी अनियंत्रित होकर नीचे एक पेड़ से टकरा गई जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।वाहन में सवार तीन पुलिस कर्मी फंस गए। चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सूचना हाइवे पुलिस व एम्बुलेंस को दी।सभी घायल पुलिस कर्मियों को किसी प्रकार निकाल कर बाहर किया।तब तक हाईवे पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सभी को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी मवई भेजवाया।जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर रूप से घायल कांस्टेबल शुभम मिश्रा व हेड कांस्टेबल इंदल यादव को जिला अस्पताल अयोध्या भेज दिया गया।जबकि चालक अरविंद कुमार पांडेय को वही पर रोक लिया।पटरंगा थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी थी।जिसमें घायल दो पुलिस कर्मियों का जिला चिकत्सालय में इलाज किया जा रहा है।

# बीओबी रामपुर भगन से जुड़े ग्राहकों को काफी परेशानी का करना पड़ता सामना

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिले के ब्लाक तारून के बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा रामपुर भगन में ग्राहकों ने आरोप लगाया कि यहाँ भ्रष्टाचार व दलालो का बोल बाला कायम है। यहा आए ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है ग्रहको को छोटे– छोटे कामों के लिए कई दिनों तक दौड़ना पड़ता है ग्राहकों को अपनी पासबुक पर प्रिंट करवाने व नई पासबुक बनवाने के लिए महीनों चक्कर लगाना पडता है यहां पर तैनात कर्मचारी प्रिंटर मशीन खराब होने व नई पासबुक न होने की बात कहकर महीनों ग्रहको को दौडाते है जिससे ग्राहकों को दलालों का सहारा लेना पड़ता है दलाल भी बैंक खुलते ही दस्तक दे देते हैं और शाम तक डटे रहते हैं जिस पर शाखा प्रबंधक ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसका खामियाजा ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है एटीएम पर लगा गार्ड भी एटीएम छोड़कर नदारत रहता है इतना ही नहीं उक्त शाखा के आसपास बिना काम के लोग घूमते व बैठे देखे जाते हैं इन पर पुलिसन पिकेटभी ध्यान नही देती है जिससे यहां अक्सर साइबर क्राइम जैसी घटनाएं होती रहती हैं।

# रौजागाँव चीनी मिल ने गन्ना किसानों को किया करोड़ों का भुगतान

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की इकाई रौजागांव चीनी मिल द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2021–22 में 07 दिसम्बर तक क्रय किए गए गन्ना मूल्य का 14.94 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों करते हुए उनके संबंधित बैंक खाते में भेज दिया है।चीनी मिल द्वारा वर्तमान पेराई सत्र में त्वारित गन्ना मूल्य भुगतान की योजना की जा रही है चीनी मिल के यूनिट हेड निष्काम गुप्ता ने कृषको से अनुरोध किया है कि जिस क्षेत्र में प्रजाति को. 0238 में रेडरॉट का प्रकोप आ गया है उस क्षेत्र के किसान भाई अपने संबंधित मिल स्टाफ से मिल कर गन्ना बीज नर्सरी से को. 0118 गन्ना प्रजाति एवं को. 15023 गन्ना बीज सुरक्षित कराकर बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए सुनिश्चित करें, साथ ही साथ किसान भाई जिन खेतों में रेडरॉट का प्रकोप है उस खेत में पेड़ी गन्ना ना लें तथा उसमें फसल चक्र अपनाएं।श्री गुप्ता ने किसानों को बलराम ऐप के बारे मे बताया कि बलराम ऐप का निर्माण गन्ने की खेती मे बढ़ते हुए लागत मूल्य को कम करने, वैज्ञानिक विधि से खेती करके अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने एवं कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते ऐप कृषकों के सशक्तिकरण के लिए, टिकाऊ खेती करने और चीनी मिल से सीधे जुड़ने के लिए लाभदायक विकल्प है। इस मौके पर इकबाल सिंह महाप्रबंधक गन्ना ने बताया कि किसानों को पेड़ी प्रबंधन के लिए 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर पेड़ी प्रबंधान यंत्र (रैटून मैनेजमेंट डिवाइस) चीनी मिल द्वारा दिया जा रहा है जिससे किसान अच्छी पेड़ी की पैदावार ले सके साथ ही महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से अपील की कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई मे ट्रेंच विधि द्वारा ही गन्ने की बुवाई करें तथा मिल को साफ–सुथरा, जड़, मिट्टी,अगोला, पत्ती व हरा जूना रहित गन्ना ही आपूर्ति करें तथा पर्ची का एस एम एस. आने के बाद ही गन्ने की कटाई करें।

# पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू ने मैदान में आकर जनता के बीच आकर शुरु किया जनसम्पर्क

अयोध्या। (डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के बीकापुर से ही पूर्व विधायक रहे जितेंद्र कुमार उर्फ बब्लू सिंह के चुनावी मैदान में कूदने की पहल ने सियासी गलियारे में हलचल पैदा कर दी है। बसपा से निकल कर इस बार किस दल से चुनाव लड़ेंगे यह अभी तय नहीं है। पिछले दिनों जिस तरह इनकी भाजपा में इंट्री और वापसी हुई फिर सन्नाटा फैल गया उसे देखते हुए इनका मैदान में उतर कर सबसे पहले पहल करना चौकाने वाला है। सोमवार को अपने तूफानी चुनावी दौरे में सोहावल तहसील जनसंपर्क करने दल बल के साथ पहुँचे जितेंद्र सिंह बब्लू ने कहा कि विधायक व अपना नेता काबिलियत और छबि देखकर चुने दल कोई भी हो नेता की हनक व दमदारी नही होगी तो जनता का भला नहीं हो सकता। दल और सिम्बल की बावत पूँछे जाने पर यह कहकर टाल गये कि अभी मेरे लिए खुलासा करना ठीक नहीं है। समय आने पर सब बता दूंगा बात पक्की हो चुकी है। जो निर्देश मिला है। उसके मुताबिक काम कर रहा हूँ। सवाल का जबाब सबको पता है।चुनाव लडूंगा यह तय है। दल और सिम्बल देना बड़े नेताओं का काम है। मिल जायेगा। कयासों के मुताबिक समझा जा रहा है कि टिकट अपना दल अनुप्रिया कोटे से भाजपा के समर्थन से हो सकता है। इसकी चर्चा पिछले कई महीनों से चल रही है।

# मतदाता पुर्नरीक्षण के कार्यो की मण्डलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)मण्डलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल ने मण्डल के जिलाधिकारियों एवं अपर जिलाधिकारियों के साथ निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे मतदाता पुर्नरीक्षण के कार्यो की समीक्षा की गयी।मण्डलायुक्त ने कहा कि 18 से 19 वर्ष के जो नये मतदाता बनाये गये है उससे सम्बंधित कार्यो को पूरा किया जाय तथा जो पोलिंग बूथ बनाये जा रहे है उन केन्द्रों की मरम्मत एवं बेहतर व्यवस्था बनाये जाय तथा टेबिल कुर्सी आदि की व्यवस्था की जाय और मतदाता सम्बंधी प्रारूप–6 एवं 7 प्राप्त हुये है उन पर भी कार्यवाही करते हुये नाम मतदाता सूची में जोड़वाने की कार्यवाही की जाय तथा निर्वाचन में लगाये गये कार्मिकों एवं वाहनों आदि का पूर्वानुमान करते हुये उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये कार्यवाही की जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित समय–सारिणी के अन्तर्गत निर्वाचन सम्बंधित कार्यो को पूरा किया जाय। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा मण्डल के सभी जनपदों का भ्रमण किया जायेगा। कल दिनांक 14 दिसम्बर 2021 को मण्डलायुक्त द्वारा अम्बेडकरनगर का भ्रमण किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारियों एवं अपर जिलाधिकारियों के साथ मण्डल के राजस्व वसूली के कार्यो तथा धान क्रय केन्द्र के कार्यो की समीक्षा की गयी। इस कार्य में मानक के अनुसार तेजी लाने आदि के निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में मण्डलों के जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्धा एवम् उद्यमिता विभाग में कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर 07 दिवसीय स्किल डेवलपमेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महेन्द्रा प्राईड कम्पनी के मैनेजर कारपोरेट रिलेशन एवं ऐकेडमिक्स के अतुल पाण्डेय, ऐश्वर्या श्रीवास्तव एवं अविनाश प्रजापति के द्वारा विभाग के छात्र–छात्राओं को कम्यूनिकेशन स्किल, प्रेजेनटेशन स्किल का प्रशिक्षण प्रदान दिया। जिसमे सभी ने छात्रों को सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह द्वारा व्यवसाय प्रबंध एवम् उद्यमिता विभाग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें छात्र–छात्राओं एवं प्रशिक्षको का उत्साह वर्धन किया। कुलपति ने कहा कि आप लोग जहां भी जॉब के लिए जायेंगे वहां विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। पूरी तन्मयता के साथ कार्य को पहली प्राथमिकता देंगे। उन्होने विभागाध्यक्ष की सराहना करते हुए कहा कि निरन्तर इस प्रकार के कार्यक्रम कराते रहे इससे छात्रों का बहुमुखी विकास होगा।व्यवसाय प्रबंध एवम् उद्यमिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 अशोक शुक्ला ने अपने स्वागतीय संबोधन में कुलपति जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के छात्र अपनी नयी उर्जा के साथ कार्य करेंगें और विभाग एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगें। प्रो0 शुक्ला ने प्लेसमेन्ट सेल की निदेशक डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव ने कहा कि विभाग के छात्रों को यह अवसर प्रदान कर बहुत ही अच्छा कार्य किया है, उन्होने प्रशिक्षण प्रदान कर रहे महिन्द्रा कम्पनी के लोगो का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव ने किया। उन्होने कुलपति, प्रो0 अशोक शुक्ला, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह और प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ विभाग के प्लेसमेन्ट कोर्डिनेटर डॉ0 निमिष मिश्रा का आभार व्यक्त किया. इस कार्यक्रम में डॉ0 आशुतोष पाण्डेय, डॉ0 दीपा सिंह, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 अनीता मिश्रा, डॉ0 कविता श्रीवास्तव, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 रामजी सिंह, रविन्द्र भारद्वाज, संजीत पाण्डेय, डॉ0 राकेश कुमार, आशीष पटेल, हर्ष वर्धन, अनुराग तिवारी, कपिल देव, आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के प्रति बढ़ा जनता का विश्वास, विधान सभा चुनाव में योगी की विदाई तय – दयानन्द शुक्ला

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने हलीम नगर न्याय पंचायत के अंतर्गत शुजागंज बाजार में कैम्प लगाकर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया। दयानन्द शुक्ला ने बताया कि सदस्यता अभियान में 500 लोगों ने कांग्रेस पार्टी से जुड़कर सदस्यता ग्रहण की।उन्होंने बताया कि इस प्रकार से रूदौली विधान सभा की सभी न्याय पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जायेगा।दयानन्द शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनने के लिये लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।श्री शुक्ला ने बताया कि जनता का कांग्रेस के प्रति रुझान को देखते हए लगता है कि जनता ने मन बना लिया है विधान सभा चुनाव में प्रदेश से योगी सरकार की विदाई तय है।इस अवसर जिला महासचिव विजय पाण्डेय, युवा नेता रणजीत सिंह,ब्लाक अध्यक्ष निक्कू राम सिद्धार्थ,सुरेश तिवारी,रिजवान अहमद,कलीम अहमद,रामकुमार यादव,नीरज सिंह, संतोष वर्मा,मो0 फहीम आदि लोग उपस्थित थे।

# 15 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे प्रेस क्लब में होगी प्रेस वार्ता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन चाइना बाजार स्थित यू०पी० प्रेस क्लव 15.12.2021 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित की गयी है। सनातन धर्म परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज गोन्डा जनपद के सूकरखेत में प्रस्तावित विश्व विद्यालय का नाम गोस्वामी तुलसीदास विश्व विद्यालय नाम करण के सम्बन्ध में वार्ता पत्रकारों से करेंगे।

# मारपीट व हत्या में वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)गत दिनो पुलिस के मुताबिक मारपीट व हत्या में वांछित एक महिला सहित करीब आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार करके तारुन थाने की पुलिस टीम द्वारा जेल भेज दिया गया।आरोपियों के विरुद्ध तारुन थाने में हत्या बलवा घर में घुसकर मारने पीटने सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को सोमवार तारापुर मोड़ थाना तारुन से गिरफ्तार किया गया। एंव अभियुक्तगण की निशा देही पर घटना में प्रयुक्त लाठी व कुल्हाडी को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के गुरौली निवासी लुदूर यादव, रामसुख यादव, विनोद यादव, सिताराम यादव, गंगाराम यादव, लक्ष्मण यादव, सुमित्रा निवासी गुरौली थाना तारुन जनपद अयोध्या शामिल है। तारुन थाना क्षेत्र के गुरौली गांव पंचायत में 10 दिसंबर शुक्रवार सुबह दो पट्टीदारों के बीच जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हुआ था। मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। तथा कई अन्य लोग मारपीट में घायल हो गए थे।

# माफिया अतीक अहमद की आठ करोड़ की संपत्ति जब्त : प्रयागराज के सात व दिल्ली–बलरामपुर के दो–दो खाते अटैच

प्रयागराज ब्यूरो : अतीक अहमद के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की ओर से की गई कार्रवाई उसके आर्थिक साम्राज्य पर बड़ी चोट की पहल मानी जा रही है। झूंसी स्थित कोल्ड स्टोरेज की जमीन के साथ ही उसके कुल जितने खाते अटैच किए गए हैं, उनमें प्रयागराज के साथ–साथ दिल्ली व बलरामपुर स्थित बैंकों के खाते भी शामिल हैं। इन सभी खातों में अलग–अलग रकम जमा है। ईडी ने इन्हें अस्थायी तौर पर अटैच कर दिया है लेकिन इन खातों से लेनदेन पर पहले ही रोक लगाई जा चुकी है। ईडी ने इसी साल अप्रैल में अतीक अहमद के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया था। इसके लिए उसके खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमों को आधार बनाया गया था। इसके बाद से ईडी की टीम उसकी उन संपत्तियों का पता लगाने में जुट गई जिन्हें अवैध रूप से कमाई गई ब्लैक मनी को व्हाइट करके बनाया गया। इसी के बाद उसकी कुछ संपत्तियों और खातों का पता चला। जिसके बाद ईडी ने अटैचमेंट की कार्रवाई की। सूत्रों का कहना है कि जिन खातों को अटैच किया गया, उनमें से प्रयागराज के सात, दिल्ली के दो और बमरामपुर, महाराष्ट्र के दो खाते शामिल हैं। पिछले साल ही सीज कर दिए गए थे खाते। अतीक के जिन खातों का अटैचमेंट हुआ है, उन्हें पिछले साल 28 अक्तूबर को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत सीज कर दिया था। साथ ही इनसे लेनदेन पर रोक भी लगा दी थी। दरअसल पुलिस की जांच पड़ताल में उसके कुल 13 खातों की जानकारी सामने आई थी। लेकिन इनमें से एसबीआई संसद भवन शाखा, नई दिल्ली व एसबीआई उप्र सचिवालय शाखा लखनऊ स्थित खाते पूर्व में ही कुर्क किए जा चुके थे। गौरतलब है कि अतीक पर धूमनगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर के मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की थी। कहां से आई खातों में रकम, होगी पूछताछ। सूत्रों का कहना है कि अस्थायी अटैचमेंट के बाद अब मनी लांड्रिंग मामले की जांच में जुटी ईडी की टीम अहमदाबाद जेल जाकर अतीक से पूछताछ करेगी। उससे पता लगाया जाएगा कि खातों में जमा की गई रकम कहां से आई। इसके अलावा उन कंपनियों के बारे में भी पूछताछ की जाएगी, जिनके खातों से सीधे अतीक व उसकी पत्नी के खातों में रकम ट्रांसफर हुई। गुर्गों के साथ ही रिश्तेदार भी रडार पर। सूत्रों का कहना है कि मनी लांड्रिंग मामले की जांच में जुटी ईडी की नजर न सिर्फ अतीक के गुर्गों बल्कि उसके रिश्तेदारों के खातों पर भी है। दरअसल अब तक कि जांच में यह बात सामने आई है कि अतीक ने आपराधिक गतिविधियों से रुपये कमाए और फिर इसे अपने साथ ही अपने रिश्तेदारों के भी खातों में जमा किए। इसके बाद इस ब्लैक मनी को संपत्तियों में निवेश कर व्हाइट किया गया। ईडी की नजर अतीक की उन शेल कंपनियों और उनके संचालकों के खातों पर भी है, जिनसे अतीक या उसके रिश्तेदारों के खातों में रकम भेजी गई।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सीओ कार्यालय व आवासीय परिसर का फीता काटकर किया उद्घाटन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के सीओ बीकापुर कार्यालय व आवासीय परिसर का नवीनीकरण नवनिर्मित का अयोध्या जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शैलेंश कुमार पांडे ने फीता काटकर उद्घाटन किया।वहीं दूसरी तरफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने सीओ परिसर में पौध रोपित कर सराहनीय कार्य किया।इस मौके पर मौके पर पत्रकारो से रुबरु होते हुए उन्होंने कहा कि सीओ पुलिस कार्यालय और आवासीय परिसर नये अंदाज में सज धज कर सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है।इसके निर्माण से कर्मियों को कार्य करने में तो सहूलियत होगी ही साथ ही उनके रहने के लिए आवास की भी व्यवस्था है। बीकापुर के लोग काफी समझदार है। किसी भी तरह की कठिनाई न हो इसके लिए पुलिस विभाग हमेशा तत्पर रहता है।इस मौके पर पंडित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उन्होने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया।इस मौके पर सीओ बीकापुर सत्येंद्र भूषण तिवारी,उप जिलाधिकारी बीकापुर अनुराग प्रसाद ,तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा,प्रभारी निरीक्षक बीकापुर मणि शंकर तिवारी, बीकापुर ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के अलावा अधिवक्ता गण भी मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।